तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

13 व्यक्ति को समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदारियों ...



13 संतोषी एवं गायत्री मंदिर परिसर में चला स्वच्छता ...



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## नवरात्रि : मूर्तियों के पंडाल में पहुंचने पर पूरा इलाका माता की जयकारों से गूंज उठा

# माता का आगमन शक्ति, सामर्थ्य और विजय का प्रतीक, डीजे की धुन में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्र का पर्व आते ही माता रानी की भक्ति और श्रद्धा में पूरा कांकेर डूब जाता है। नगर और गांव में माँ दुर्गा की प्रतिमाएँ स्थापित की गई और जगह-जगह भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुए। इस वर्ष भी माता रानी का आगमन अत्यंत धूमधाम और उल्लास के बीच हुआ। माता का आगमन शक्ति, सामर्थ्य और विजय का प्रतीक माना जाता है। आतिशबाजी और डीजे की धुनों के बीच माता का स्वागत इस बात का प्रतीक है कि आस्था और उत्साह जब मिलते हैं तो वातावरण आनंदमय हो जाता है। जिला मुख्यालय की कई समितियों के द्वारा माता की प्रतिमाओं को रायपुर एवं अन्य जिलों से लाया गया। कई वार्ड की प्रतिमाएं बीती रात को ऊपर नीचे रोड पर रूकी और उनका स्वागत करते हुए मुहल्ले ले जाया गया। इस दौरान आतिशबाजी का दौर देखने को मिला। नवरात के पहले दिन सुबह से ही प्रतिमाओं के स्थापना के लिए ले जाने का सिलसिला ▶▶| शेष पेज 12 पर







- माता का आगमन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का है प्रतीक
- युवा, बच्चे और महिलाएं माता के स्वागत में झूमते - नाचते नजर आए

### माता के आगमन में हुई आतिशबाजी

नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातः से ही भक्तों में उत्साह का माहौल था। दोपहर होते-होते जगह-जगह माता की प्रतिमा लाने का सिलसिला शुरू हुआ। जैसे ही मूर्तियाँ पंडाल तक पहुँचीं, पूरा इलाका माता की जयकारों से गूंज उठा। माता का स्वागत करने के लिए श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आतिशबाजी की। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे पटाखों ने आकाश को रौशन कर दिया। आतिशबाजी के बीच डीजे की गूँज ने उत्साह को और बढ़ा दिया। युवा, बच्चे और महिलाएँ माता के स्वागत में झूमते - नाचते नजर आए।

### डीजे की धुन और उत्साह

माता की झाँकी जैसे ही नगर के मुख्य मार्ग से गुजरी, डीजे पर बजते भक्तिगीत और डीजे रिमिक्स धुनों पर श्रद्धालु थिरकते चले गए। जय माता दी, चलो बुलावा आया है, और मेरा भोलो सजदा करेगा जैसे भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। युवा वर्ग डीजे पर जमकर नाचा, वहीं बुजुर्ग और महिलाएँ माता की आरती गाते हुए स्वागत करती रहीं। बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर माता का जयघोष किया।

### आतिशबाजी का नजारा

बीती रात के समय आतिशबाजी ने पूरे माहौल को और भी भव्य बना दिया। आसमान में चमकते पटाखों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया मानो सितारे धरती पर उतर आए हों। बच्चे पटाखों को देखकर खुशी से झूम उठे। लोगों ने इसे माँ के आगमन का शुभ संकेत माना। यह नजारा परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक था। एक ओर श्रद्धालु आरती और मंत्रोच्चार के बीच माता का स्वागत कर रहे थे, तो दूसरी ओर युवा डीजे की धुनों पर झूमते हुए माता के आगमन को आनंदोत्सव बना रहे थे।

### श्रद्धालुओं में उत्साह

श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि में माँ दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं और अपने भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी करती हैं। आतिशबाजी और डीजे की धुनों के बीच माता का स्वागत इस बात का प्रतीक है कि आस्था और उत्साह जब मिलते हैं तो वातावरण आनंदमय हो जाता है। माता का आगमन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। आतिशबाजी, डीजे, भक्ति और रंगारंग कार्यक्रमों ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। श्रद्धालुओं ने माता के आगमन को उत्सव की तरह मनाया और क्षेत्र में खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना किया।

## खबर संक्षेप

### विद्युत दर वृद्धि पर जताया विरोध



भानुप्रतापपुर। शिवसेना द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत दर वृद्धि के विरोध में गांव-गांव में जन आंदोलन किया जा रहा है। शिवसेना द्वारा भानुप्रतापपुर मेंन चौक में प्रातः 6 बजे सुबह भ्रमण करने वालों आम जनता के बीच नुक्कड़ सभा कर विद्युत दर वृद्धि का विरोध किया एवं आम जनता से आव्हान किया गया कि छत्तीसगढ़ सरकार की तुगलकी नीति के तहत किय जा रहे। विद्युत दर वृद्धि के विरोध में सामने आए और गांव-गांव में जन जागरण करें एवं इस महंगाई के समय में किए जा रहे विद्युत दर वृद्धि का प्रबल विरोध करें।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर राहगीर को ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी में बने डिवाइडर के पास ट्रक ने राहगीर को

- घायल का हायर सेंटर में चल रहा इलाज

जोरदार टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से राहगीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को चारामा के अस्पताल में पहुंचाया और घटना की जानकारी उसके बेटे को दी। घायल का बेटा अस्पताल पहुंचा तो चिकित्सकों की सलाह पर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर में भर्ती किया है। थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे दरगहन





निवासी 27 वर्षीय राहुल ध्रुव पिता त्रिलोकनाथ ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ई 0580 से नंदनमारा अपने भतीजे के घर जाने के ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

घायल के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीपी 5661 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### नंदनमारा में 25 को होगा मॉक ड्रिल

कांकेर। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सिंगारभाट नगर सेना कार्यालय एवं ग्राम नंदनमारा स्थित पुराना पुल में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## युवकों ने बस के परिचालक और चालक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिंगारभाट तिराहा के पास बस को रूकवार बस के परिचालक और चालक को कुछ लोगो ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। घटना उस समय की है, जब रात को बस धमतरी से कांकेर के सिंगारभाट पास पहुंची। मारपीट करने वालो में तीन लोगों को परिचालक ने पहचाना व उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे टिकरापारा धमतरी निवासी 24 वर्षीय आदिल बेग पिता रहमान बेग ने पुलिस को बताया कि बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0329 का परिचालक हूं। रायपुर से बस लेकर 21 सितंबर को मलकानगिरी जा रहा था। चालक रिसभ राजपूत बस चला रहा था। रात साढ़े 9 बजें धमतरी बस स्टैण्ड से 5 व्यक्ति कांकेर आने के लिए चढ़े और सीट का मांग किए। उनको सीट फुल होना बताया इस पर पाँचों व्यक्ति अपशब्दों का उपयोग कर धमतरी में ही बस रोककर कांकेर में देखने की धमकी देकर उतर गए। बस बाईपास होते हुए रात साढ़े 11 बजे सिंगारभाट तिराहे पर पहुंचने वाला था, तभी बीच रास्ते में बस रोककर मुझे व चालक को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ, डंडा, लोहा से मारपीट की, जिससे चोटें आईं है। उनमें से 3 व्यक्तियों का नाम फैजल खान पिता अमिन खान, साही, रेहान खान व अन्य लोग मारपीट किए है, जिससे मेरे पीठ में चोट लगी है। मारपीट से आई चोटों के कारण काफी दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फैजल खान, रेहान खान, साही एवं अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

- सीट नहीं देने पर कांकेर के युवाओं ने जान से मारने की भी धमकी दी



### बाइक की टक्कर से हुई मौत मामले में जुर्म दर्ज

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत फारेस्ट ऑफिस के पास रात को सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल बाइक चालक युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 3 सितंबर को रात डेढ़ बजे फारेस्ट ऑफिस संजय नगर मेन रोड कांकेर के पास आरोपी वाहन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 1689 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर मृतक प्रियांशु दुरगासी के मोटर सायकल सीजी 19 बीपी 3319 को पीछे से ठोकर मरकर एक्सीडेंट करने से आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।









## खबर संक्षेप

### अस्मति संभाग का करेगी प्रतिनिधित्व



**अंतागढ़।** जिला के नक्सल प्रभावित कही जाने वाले अंतागढ़ ब्लॉक में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी अस्मति दर्रो ने उत्तम खेल का प्रदर्शन करते हुए एथलेटिक में 100 मीटर दौड़ में जिला एवं संभाग स्तरीय खेल में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय खेल में अपनी जगह बना कर राज्य स्तरीय खेल में भाग लेने के लिए जगदलपुर के लिए रवाना हुए। जिसमे विद्यालय के खेल प्रभारी संजय कुमार जुर्री, अनूप श्रीवास्तव, नंदलाल केमरो एवं प्राचार्य एसआर देहरी की भूमिका रही।

### शक्ति का पर्व नवरात्र की हुई शुरुआत, 10 दिनों का मनाया जाएगा

**चारामा।** 22 सितम्बर से शक्ति का पर्व नवरात्र की शुरुआत हो गई। इस वर्ष नवरात्र 09 दिन की बजाय 10 दिनों का मनाया जाएगा, जोकि 22 सितम्बर से प्रारम्भ होकर 01 अक्टूबर को माता और ज्योत विसर्जन के साथ समाप्त होगा एवं 11 वें दिन 02 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व को लेकर विकासखंड के सभी माता के मंदिरों सहित देवी स्थलों में पर्व को लेकर पूर्ण तैयारी की जा चुकी हैं। माता के मंदिरो को जगमग रौशनीयों से सजाया गया हैं। नवरात्रि प्रभु को लेकर सभी मंदिरों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रखी गई है। नवरात्रि के दिन पहले कुंभकारों के द्वारा माता की मूर्तियां जो की विराजित की जानी है उनको श्रृंगार किया गया। जिन्हे समिति के द्वारा 22 सितंबर को धूमधाम से देवी स्थलों पर विराजित किया। वही नगर में बीते 20 साले से लगातार किए जाने वाले गरबा नित्य का आयोजन भी इस वर्ष बड़ी धूमधाम से नगर की गायत्री मंदिर परिसर में गरबा समिति के द्वारा किया जाएगा, जिसको लेकर समिति के द्वारा पूर्ण तैयारी की जा चुकी है और 22 तारीख की रात 8 बजे महाआरती के साथ गरबा नृत्य का शुभारंभ किया जाएगा जो की 1 अक्टूबर तक लगातार चलेगा।



## सामाजिक ताना-बाना और जनजागरण का लिया गया संकल्प

# ब्लॉक स्तरीय गायता जोहारनी जलसा में समाज ने गायताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़।



आदिवासी समाज ने ब्लॉक स्तरीय गायता जोहारनी जलसा आयोजित कर समस्त गायताओं व गायतेह का तेल चांवल टीका लगाकर सम्मान किया गया। जलसा का शुभारम्भ अपने पेन पुरखो का सेवा अर्जी कर किया गया। कार्यक्रम समाज के द्वारा आरक्षित भूमि पर आयोजित था, जहाँ अंतागढ़ विकासखण्ड के पांचो परगना क्षेत्र से हजारों की संख्या मे भाई बानी बिरादारी पेन कड़ा मण्डा में बैठने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग मिलकर गायता जोहारानी जलसा बड़े ही धूम धाम से अपने पारम्परिक वेशभूषा में समाज के सगाजनो की गरिमामयी उपस्थिति मे कार्यक्रम का शुरुआत हुआ।

- गायता-गायतेह को तेल-चावल टीका लगाकर सम्मान

गायता जोहारनी के अवसर पर सामाजिक ताना बाना, अपनी संस्कृति विरासत को लेकर सामाजिक बुद्धिजीवियों के साथ चिंतन कर समाज को जनजागृत कर अपने व्यवस्थाओं को संरक्षित करने व अपने पुरखो के व्यवस्था को संजोएं रखने व आगे ले जाने का संकल्प लिए। गायता जोहारनी जलसा नवाखाई परब में अपने इष्ट पेन पुरखो कों नया चांवल का अर्पण कर सभी लोग मिलकर लकांज के रूप मे ग्रहण करते है, फिर गांवो मे भी गायताओं का सेवाजोहार किया जाता है। ब्लॉक स्तरीय गायता जोहारनी जलसा में गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतलाल दुग्गा ने गायताओं के स्वागत व प्रतिवेदन मे अपने अपने पुरखो के व्यवस्थाओ कों लेकर सारगर्भित तरिके से बूमकाल के बीच बात रखा गया, साथ ही क्षेत्र क्षेत्र में जनसमस्याओं कों भी रखते हुए क्षेत्र के विधायक से समाधान करने की मांग किया, जिसमें क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, बिजली, रोजगार कों लेकर चिंतन कर समस्याओं के समाधान करने मांग की गई।

### सभी वर्गों की मांग पूरी करने का रहेगा प्रयास : विधायक

क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी गायता, पटेल, माजी समाज के सियानो से कहा कि यह समाज के तरफ से जो भी मांग आया है। सभी मांगे मेरी पहली प्राथमिका होगी। यह मांग समाज के सभी वर्गो का मांग है जिसे पूरा कराने का प्रयास रहेगा। विधायक ने शिक्षा, स्वास्थ्य पर भी मजबूती से काम करने की बात कही। गायता जोहारनी मे सभी गायताओं को सम्मान कर अपने संस्कृति पारम्परिक व्यवस्थाओं कों संरक्षित करने वा समाज कों जागरूक करने की बात कही। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष संतराम सलाम ने बताया की समाज के तरफ से अंतागढ़ मे आरक्षित भूमि बहुउद्देशिय प्रगना माजी भाई, बानी, बिरादरी, पेनकड़ा मण्डा, गायता, पटेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सामाजिक ताना बाना कार्यक्रम आयोजित करने सर्वसुविधायुक्त भवन की मांग की गई। अंतागढ़ मे भी मावा मोदोल को संचालन करने पूरे सामाजिक बुमकाल ने माँग की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मड़ावी, सुभद्रा सलाम, अन्य पिछड़ वर्ग समाज से मादेश्वर जैन, हीरालाल मांझी, बिरसिंह उसेंडी, विश्राम गांवड़े, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सरपंच संघ अध्यक्ष व क्षेत्र से भारी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# जीएसटी दर में कमी से बाजार में लौटी रौनक, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल।

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कमी किए जाने के फैसले से आम जनता और व्यापारियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। इस ऐ ति हा सि क निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय व्यापारियों ने मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। बाजार क्षेत्र में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा।

- केंद्र सरकार के फैसले का स्थानीय स्तर पर स्वागत

इस दौरान कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने आपसी चर्चा कर जीएसटी दरों में कमी से होने वाले लाभों का आकलन किया। व्यापारियों ने बताया कि जिन वस्तुओं पर पहले उच्च दर से कर देना पड़ता था, उनमें कमी आने से उपभोक्ताओं के लिए सामान सस्ता होगा। इसका सीधा असर बिक्री पर पड़ेगा और बाजार में रौनक बढ़ेगी। छोटे दुकानदारों ने कहा कि इस निर्णय से उन्हें प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी और ग्राहक संतुष्ट होकर खरीदारी करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार जनता और व्यापारी वर्ग के हित में निर्णय ले रही है। जीएसटी दरों में कमी से महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी और लोगों की जेब पर भार भी कम होगा। इस फैसले का लाभ सीधे ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा।

### ये रहे उपस्थित

भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, शकुंतला नरेटी, तुकाराम पटेल, दीपक पुड़ो, बसंती यादव, सुमित्रा दुग्गा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं व्यापारी संघ दुर्गुकोंदल के कोषाध्यक्ष विनोद पारख, मुकेश देवांगन, शिवभवन सिंह सहित बड़ी संख्या में दुकानदार भी उपस्थित रहे।

# कांकेर जोन से 4 छात्राएं विज्ञान अनुसंधान यात्रा कलकत्ता के लिए हुईं चयनित



**कांकेर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा कलकत्ता का आयोजन किया गया। राज्य के विभिन्न जिले से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं का चयन किया गया एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाएं शामिल हुई।

कांकेर जोन प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि कांकेर जोन से कांकेर एवं धमतरी जिला की छात्राएं विज्ञान अनुसंधान यात्रा में शामिल हुई। कांकेर जिला की मौसमी धनकर और भोज सिन्हा हायर सेकंडरी स्कूल मुरडोंगरी एवं धमतरी जिला की ललिता गंगबेर और चंचल साहू सेजेस हटकेशर इस यात्रा में शामिल रही। इस यात्रा में छात्राओं को छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर रायपुर, एमपी बिरला प्लेनेटरियम कलकत्ता, सत्येंद्र नाथ बोस इंस्टिट्यूट फॉर बेसिक साइंस, मेघनाथ साहा इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स और साइंस सिटी कोलकाता का शैक्षिक भ्रमण कराया गया, जिसमें छात्राओं को साइंस सेंटर रायपुर में तारामंडल से संबंधित थी। डी फिल्म और विज्ञान के मॉडल दिखाया गया। कोलकाता बिरला प्लेनेटरियम में प्राचीनतम एस्ट्रोलॉजी द्वारा तारे, ग्रह, नक्षत्र, राशि और सप्तऋषि की जानकारी ली। एसएन बोस इंस्टिट्यूट में रमन प्रभाव द्वारा प्रकीर्णन, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी द्वारा अति सूक्ष्म कणों का अवलोकन, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी, मैग्नेटिक ट्विजर द्वारा प्रोटीन की संरचना का अध्ययन किया। साहा इंस्टिट्यूट में परम शून्य ताप पर हीलियम का द्रवीकरण, लाइट मैटर इंटरेक्शन लेजर सिस्टम से परमाणवीय गुण और आयनों की ऊर्जा स्तर, रडार प्रणाली, परम रुद्रा सुपर कंप्यूटर, सिलिकॉन चिप के जगह इलेक्ट्रोमेग्नेटिक मेमोरी चिप का उपयोग को जाना।

# खुड़खुड़िया खिला रहें दो जुआरियों को पुलिस ने दबोचा, आरोपियों से सामग्री जब्त

**कांकेर।** इरनापार के मुर्गा बाजार के पास खुड़खुड़िया खिलाते हुए 2 लोगो को पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगद के साथ खुड़खुड़िया खिलाने में प्रयुक्त पासा, डिब्बा, फलैक्स और गोटी को जप्त किया गया।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि इरपानार मुर्गा बाजार में कुछ लोग खुड़खुड़यिा जुआ खेला रहे हैं। रूपएं पैसे के दांव लगाकर हार जीत का खेल खिला रहे हैं। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 21 सितंबर को शाम 6 बजें मौके पर पहुंच कर इलाके की घेराबंदी करके खुड़खुड़िया खिला रहे दो व्यक्तियों को दबोचा। मौके से जुआ खिलने वाले भागने में कामयाब हुए। इसके अलावा पांसा फेंकने वाले महाराष्ट्र के गड़चिरौली थानांतर्गत भगवानपुर निवासी 40 वर्षीय विश्वेश्वर राउत पिता खुशाल राउत और भगवानपुर निवासी 50 वर्षीय विशाल दरवाड़े पिता गणेश दरवाड़े को पकड़ा गया। आरोपी विश्वेश्वर राउत प्लास्टिक डिब्बा में गोटियो को फेलेक्स पर घुमाकर डाल रहा था, जिसमें 1, 2, 3, 4, 5, 6 अंक लिखा हुआ था। आरोपियों के कब्जे से दो नग खुड़खुडिया गोटा (पासा), एक नग प्लास्टिक डिब्बा, एक नग फेलेक्स एवं नगदी रकम 370 रूपएं और विशाल दरवाड़े जो खुड़खुड़यिा का पैसा थैला में रखा था, उसके कब्जे से 340 रूपएं जप्त किया गया। बांदे पुलिस दोनो आरोपियों से इस खेल को खिलाने वाले की जानकारी को एकत्र किया है, पुलिस इस खेल को खिलाने वाले मास्टरमाईंड को पकड़ती है या सेटिंग कर लेती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# मूंग फसल पर जीवंत प्रदर्शन से किसानों को मिली नई तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर।



बतबनी में आत्मा एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी योजना अंतर्गत कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना और उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से खेती के लिए प्रेरित करना था।

- आत्मा एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी योजना के तहत प्रशिक्षण

सत्र की शुरुआत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर रोशन कुमार निषाद ने की। उन्होंने फार्म स्कूल के उद्देश्य साझा करते हुए खेत की तैयारी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रगतिशील कृषक रमेश कुंजाम के खेत में दलहनी फसल मूंग की बीजोपचार विधि का जीवंत प्रदर्शन किया गया। उन्होंने मूंग की कतार विधि से बुआई कार्य करते हुए किसानों को बीजोपचार के लाभ बताए। इस प्रदर्शन में महिला एवं पुरुष मिलाकर कुल 25 किसान उपस्थित रहे। इसके बाद वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार कुंजाम ने कृषक खेत पाठशाला के व्यापक उद्देश्य पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय किसान आयोग की संस्तुति पर फार्म स्कूलों की स्थापना की जा रही है, ताकि करके सीखने तथा देखकर और कटाई करके ही विश्वास करने की पद्धति से किसानों को प्रशिक्षित किया जा सके। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण की आवश्यकता, भूमि सुधार के लिए जैविक एवं कंपोस्ट खाद के महत्व, तथा मूंग फसल की वैज्ञानिक बुआई तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया। कृषि विकास अधिकारी ने बीज उपचार की विधि, आवश्यक खाद की मात्रा, खरपतवार नियंत्रण, फसल में लगने वाले रोग-कीट की पहचान एवं उनकी रोकथाम पर भी किसानों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर उत्पादन बढ़ता है और लागत कम होती है। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण और जीवंत प्रदर्शन से खेती में नए प्रयोग सीखने और उत्पादन बढ़ाने का आत्मविश्वास मिलता है।

# मेटाबोदेली चारगांव खदान में स्वच्छता ही सेवा अभियान का किया शुभारंभ

**कांकेर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत मेटाबोदेली चारगांव खदान से प्रारंभ किया गया खदान व खदान क्षेत्र के गांवो और स्कूलो स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान चलागया गया, जिसमें सभी कर्मचारी, श्रमिक, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

स्वच्छता ही सेवा की शुरुआत सभी कर्मचारिओ के मध्य शपथ ग्रहण से हुआ, जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि हम न केवल संस्थान को बल्कि अपने घर, मुहल्ले और समाज को भी स्वच्छ रखने में योगदान देंगे। सभी कर्मचारियों के साथ जागरूकता रैली निकालकर जागरूक किया गया। खदान परिसर की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। कार्यालय, विद्यालयो, पास के उप स्वास्थ केन्द्र, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और आसपास के खुले क्षेत्रों को साफ करने का अभियान चलाया गया। विद्यालयो में स्वच्छता से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियाँ जैसे निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद और पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के साथ स्वच्छ भारत अभियान का संदेश प्रस्तुत किया।



### स्वच्छता है स्वस्थ जीवन की आधारशिला

स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से सभी को यह समझाया गया कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बीमारियाँ दूर रहती हैं और समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। स्वच्छता ही सेवा केवल दो सप्ताह का आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की निरंतर आदत बननी चाहिए। यदि हम सभी मिलकर प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा योगदान दें, तो निश्चित ही स्वच्छ संस्थान, स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है।

## दुधावा बांध और इको-लर्निंग सेंटर परिसर में चला गया स्वच्छता अभियान

**सरोना।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सरोना वन परिक्षेत्र परिसर में रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय समिति ने मिलकर न केवल परिक्षेत्र कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित किया, बल्कि आसपास स्थित दुधावा बांध क्षेत्र और इको-लर्निंग सेंटर के प्राकृतिक परिवेश को भी सहेजने का कार्य किया।

स्वच्छता अभियान के दौरान झाड़ियों की सफाई, कचरा निस्तारण और परिसर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। दुधावा बांध क्षेत्र, जो कि पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों का प्रमुख आकर्षण स्थल है, वहां भी समिति और वन विभाग ने मिलकर सफाई कर उसे और अधिक रमणीय बनाया। इसी तरह इको-लर्निंग सेंटर, जहां विद्यार्थियों और युवाओं को वन संपदा व पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का कार्य होता है, वहां भी स्वच्छता कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सरोना वन परिक्षेत्र अधिकारी सूर्यवंशी, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी हरीश कोडोपी, शिवप्रसाद मतलाम, घनश्याम पटेल सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया। अधिकारियों ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम भर नहीं, बल्कि इसे जनभागीदारी से जनआंदोलन का रूप देना आवश्यक है।



# शराब पीने और बनाने पर लगेगा जुर्माना, यादव समाज ने नियम किया लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम हाटकोंदल में यादव समाज ने शराब पीने और बनाने को लेकर बैठक रखा गया और सख्त नियम लागू करते हुए शपथ दिलाई। आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि यादव समाज का कोई व्यक्ति शराब पीते हुए पाया गया, तो उस पर 5 हजार रूपएं का जुर्माना लगाया जाएगा। कोई व्यक्ति दारू बनाता है, तो उसे यादव समाज से बाहर कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान यादव समाज के सभी लोगों को शपथ दिलाई गई कि वे न तो शराब बनाएंगे और न ही पीएंगे। सामूहिक रूप से वचन दिया कि समाज को नशामुक्त और सुधारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। इस फैसले को यादव समाज के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। समाज के नेताओं ने कहा कि यह कदम न केवल समाज को सुधारने में मदद करेगा, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए सकारात्मक उदाहरण भी पेश करेगा। यादव समाज ने यह भी तय किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में हरी राम यादव, बाबूलाल यादव, रामसाय यादव,अवधेस यादव, बलवंत यादव, दीपक यादव, नंदू यादव,कर्तिका यादव, केसर यादव, गंग्गा यादव,रमसीला यादव, हुलसि यादव,यूक्ति यादव, उमा यादव, गैत्री यादव, अनिता यादव, सामारी यादव व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पति-पत्नी के साथ युवकों ने जाने से मारने की धमकी देते हुए की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइड नही देने की बात को लेकर कुछ लोगो ने युवक के साथ मारपीट कर दिया। मारपीट के शिकार हुए युवक की मदद करने के लिए उसकी पत्नी आई तो आरोपियों ने मिलकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट किया। घायल युवक ने बांदे पुलिस को शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया। बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 76 कृष्णानगर निवासी 38 वर्षीय संजीत गाईन पिता मुकुल गाईन ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर को सुबह करीबन साढ़े 7 बजें मैं अपने पुत्र सिवन गाईन उम्र 1 वर्ष को लेकर ग्राम पीव्ही 76 कृष्णानगर प्रभास मुखर्जी के घर के सामने में घूमकर अपने घर गली रोड से जा रहा था और गोविन्द ढाली के दुकान के सामने मेन रोड पीव्ही 76 के पास सुजन हलदार ने स्पीड में अपने मोटर सायकल को लाकर तुम मुझे साईड नही दे रहे हो। साईड में खड़ी नही कर सकते बोलते हुए गाली दिया और जान से मार दूंगा बोलते हुए मारपीट करने लगा। मैं डर के निरंजन के घर के सामने पहुंच गया, तभी सुकुमार हलदार, संजीत हलदार, सुजन हलदार, सागर हलदार एवं प्रकाश सरकार भी वहां पर आए और तुम अपनी मोटर सायकल को साईड मे खड़ी नही कर सकते बोलते हुए सभी ने मिलकर मुझे गाली दिया। गाली देते हुए कहने लगे कि जान से मार दूंगा और संजीत हलदार ने ईट के टुकड़ा एवं बाकी आरोपियों ने हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया।

पेज 11 के शेष...

### माता का आगमन...

दोपहर बाद तक चलता रहा। माता रानी की स्थापना से पहले स्थानीय समितियों ने महीनों तक तैयारी की थी। मोहल्लों, बाजारों और मंदिर प्रांगणों को रंग-बिरंगी झालरों, रोशनी और पुष्पमालाओं से सजाया गया। समितियों के युवाओं ने सजावट में नए-नए प्रयोग किए, जिससे पंडाल आकर्षक और भव्य दिखाई दिए। बिजली की रोशनी में जगमगाते पंडालों ने रात के समय पूरे इलाके को स्वर्ग जैसा दृश्य प्रदान किया। महिला मंडल और सामाजिक संगठनों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग ...

लिए निकला था। उनके जाने के कुछ समय बाद फोन के माध्यम से जानकारी मिला कि आपके पिता त्रिलोकनाथ ध्रुव का लखनपुरी डिवाइडर के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीपी 5661 के चालक द्वारा तेज व लापरवाहीपूर्वक ट्रक को चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिसमे आपके पिता गंभीर रूप से घायल हैं। चेहरे, हाथ, पैर, बांई ओर चोट लगा है, जिसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी चारामा इलाज के लिए भेजा गया हैं। एक्सीडेंट की खबर सुनकर मैं सीधे सीएचसी चारामा आकर देखा तो मेरे पिता का इलाज चल रहा था। शरीर में चोट आई हुई थी। चिकित्सकों ने घायल की स्थिति व स्वास्थ खराब होता देख हायर सेंटर रिफर कर दिया। मैं घायल पिता को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



# युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन, की नारेबाजी

**चारामा।** भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने, नकली डिग्री बेचने व बनाने वालों का खुलासा करने पर एनएसयूआई रायपुर के जिला अध्यक्ष पर भाजपा सरकार और उनकी पुलिस ने झूठा मामला दर्ज कर एफआईआर की है, जिसके विरुद्ध में चारामा युवा कांग्रेस ने बिजली बिल के अतिरिक्त भार के विरोध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली दरों और कथित अन्याय के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन है।

इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विजय शर्मा और विष्णु देव साय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया। पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है और सरकार को इसके लिए जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ में बिजली बिल के मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन बनता जा रहा है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली बिल के मुद्दे पर कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो वे और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

पुतला दहन के दौरान सुभाष सोनकर, अर्जुन देवांगन, अनुराग सोनवानी, मनीष सोनकर, दुर्गेश देवांगन, दीपक डोंगरे, अविनाश देवांगन, समीर, विष्णु उइके, चंदन रजक, ओमकार नेताम, सुल्तान खान, हरीश मंडावी, दुर्गेश देवांगन, अंगेश राव, सूरज बासौढ, महेंद्र देवांगन, पिंटू देवांगन, लोमेश विश्वकर्मा, घनश्याम सोनी, ईश्वर मंडावी व अन्य कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना, बिजली की गड़गड़ाहट से इंसुलेटर हुए फेल

## धान की फसल को मिली संजीवनी, शहर की सड़कों पर जलभराव से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सोमवार 22 सितंबर को सुबह और शाम हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। लगातार कई दिनों से उमस और चिपचिपी गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार की सुबह बिजली की गड़गड़ाहट इतनी तेज थी कि बिजली विभाग के कई जगह के इंसुलेटर फेले हो गए और सुबह चार घंटे बिजली प्रभावित रही। बारिश के बाद वातावरण खुशनुमा हो गया। सड़क किनारे लगे पेड़-पौधे और खेतों की फसल धुलकर और हरी-भरी नजर आने लगी। तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई, जिससे आमजन को उमस से राहत मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस मौसम का आनंद लिया। कई जगहों पर लोग बरसात का मजा लेने घरों से बाहर निकल पड़े। इस बारिश से सबसे ज्यादा फायदा किसानों को हुआ है। खेतों में खड़ी धान की फसल को अतिरिक्त पानी मिला है, जिससे पैदावार अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों और नालों में भी पानी की आवक बढ़ी है। इससे न केवल धान की फसल को मजबूती मिलेगी। बारिश के बाद किसान खेतों में कामकाज में भी जुट गए। हालांकि, बारिश ने शहरवासियों को कुछ परेशानियां भी दीं। कांकेर शहर और आसपास के इलाकों की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में पानी भर जाने से राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अगले एक-दो दिनों तक जिले में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम की स्थिति को देखते हुए ही कृषि कार्य करें और खाद डालने का निर्णय लें।





### चार घंटे बिजली रही ठप

सोमवार की सुबह अचानक हुई झमाझम बारिश के साथ बिजली की गड़गड़ाहट के चलते बिजली विभाग के कई जगह इंसुलेटर धवस्त हो गए थे, जिसके चलते चार घंटे तक बिजली प्रभावित रही। बिजली बंद रहने से लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### सास बहू मितान कार्यक्रम में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**चारामा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत 21 सितम्बर को विकासखंड चारामा में सास, बहू, मितान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. ओपी संखवार द्वारा सास बहू मितान कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। सास बहू पति सम्मेलन आयोजित करने में मितानिन की भूमिका जिसमें सास बहू की सूची तैयार करना, परिवार नियोजन विधियों को अपनाना, चैंपियन सास की पहचान कर समुदाय में जागरूकता, इंजेक्शन गर्भनिरोधक एमपीए (अंतरा) पीपीआईयूसीडी, नसबंदी के लिए अभ्यर्थियों को प्रेरित करने के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर समस्त मितानिन, सास बहू उपस्थित रहीं।

### कदली फल काटने के साथ शारदीय दुर्गा पूजा शुरू



**कापसी।** शारदीय सार्वजनिक दुर्गा व काली पूजा समिति कापसी द्वारा मां दुर्गा की पूजा में भोग में लगने के लिए विधि विधान से 21 सितंबर की सुबह केला पेड़ से कदली फल काटा गया। मंदिर के पुजारियों व पूजा कमेटी के सदस्य एवं ग्रामवासी सहित महिलाओं ने ढोल की थाप के साथ केला पेड़ कदली फल काटने के लिए शोभायात्रा निकाल कर स्थल तक पहुंचे। पुरोहित राधा माधव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कदली वृक्ष की पूजा अर्चना किया, इसके बाद कदली फल काटकर मंदिर लाया गया। समिति द्वारा 27 सितंबर को अधिवास व षष्ठी पूजा के साथ मां दुर्गा की पांच दिवसीय शारदीय पूजा का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर गौतम हालदार, मनमथ मंडल, शोभन बनर्जी, बिल्ला हालदार, अप्पू चक्रवर्ती, फोटोक बक्सी, दीपक सरकार आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से आटो चालक हुआ घायल



**कांकेर।** थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे पंडरीपानी निवासी 50 वर्षीय चेतन साहू पिता घुरवा राम ने पुलिस को बताया कि आटो चलाता हूं और 21 सितंबर को सवारी लेकर व्यासकोंगेरा गया था। वहां से आटो चलाते वापस कांकेर आ रहा था। रात करीबन 9 बजे व्यासकोंगेरा पुल मोड़ के पास पहुंचा था। सामने से आ रही अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे आटो को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे दाहिने घुटना, सिर के पीछे, कमर एवं पीठ में चोट लगा है दर्द कर रहा है।

## सेवा पखवाड़ा : सीएम की पत्नी ने एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

# व्यक्ति को समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास होना चाहिए : कौशल्या साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय को आधुनिकीकृत एम्बुलेंस की सुविधा प्रदाय की गई। एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट टेक्नालॉजी से सुसज्जित उक्त एम्बुलेंस को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।

इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम भी उपस्थित रहे। शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में सीएम की पत्नी कौशल्या ने कहा कि एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट टेक्नालॉजी से युक्त एम्बुलेंस मिलने से आपातकालीन चिकित्सा सेवा में निश्चित तौर पर विस्तार होगा तथा इससे अनेक लोगों की जानें बचाई जा सकेंगी। आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में विस्तार एवं वृद्धि की महती आवश्यकता है, इसे दृष्टिगत रखते हुए यह एम्बुलेंस मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं नशे के कारण तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की वजह से होती हैं। यदि व्यक्ति को अपने परिवार, समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास हो तो अनेक हादसों को टाला जा सकता है।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कुमार कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, रवि तिवारी के अलावा सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर, एसडीएम अरूण वर्मा, एमएस डॉ. विमल भगत सहित वरिष्ठ नागरिकगण और चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आदिवासियों के सच्चे हितचिंतक हैं सीएम साय: विधायक

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासियों के सच्चे हितचिंतक हैं। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह मुख्यमंत्री श्री साय ने नरहरपुर प्रवास के दौरान जिले को 75 करोड़ से अधिक की सौगातें दीं। सेवा पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय को आधुनिक तकनीकी युक्त एम्बुलेंस मिलना गर्व का विषय है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक अनेक स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में चिकित्सीय सुविधाओं को आगे बढ़ाते हुए डीएमएफ मद से लगभग 44 लाख रूपए की एएलएस एम्बुलेंस प्रदाय की गई। जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा नर्सिंग कॉलेज की भी स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है, जिसके लिए मेडिकल कॉलेज के समीप ही भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

# देशभक्ति और आस्था का संगम, जवान ने गढ़ी मां दुर्गा की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज :भानुप्रतापपुर

देश की रक्षा के साथ-साथ आस्था और परंपराओं का निर्वाह भी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान बखूबी निभा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास भीरागांव स्थित 22 वीं बटालियन कैंप में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा की तैयारियाँ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ चल रही हैं। सीएएफ कैंप की विशेष बात यह है कि माँ दुर्गा की प्रतिमा स्वयं बटालियन के जवान रूपधर चौहान गढ़ रहे हैं। मूलतः सरायपाली के भैसापुरी गाँव के निवासी रूपधर पिछले चार-पाँच वर्षों से कैंप में रहकर माँ दुर्गा और गणेश जी की प्रतिमाएँ स्वयं तैयार करते आ रहे हैं। उनकी कला से बनी प्रतिमाएँ जवानों और स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच आस्था व प्रेरणा का केंद्र बन जाती हैं। गौरतलब है कि 22वीं बटालियन में लगातार कई वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं और प्रतिमा निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जवान रूपधर चौहान ने बताया कि वे अपने गाँव में भी भाई के साथ मिलकर प्रतिमाएँ बनाते हैं। उनकी कला न केवल धार्मिक परंपरा का प्रतीक है, बल्कि समाज में देशभक्ति और आस्था के संगम का सकारात्मक संदेश भी देती है।



# त्रिदिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद उत्सव का हुआ समापन



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत भानबेड़ा में सरस्वती शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जिलास्तरीय खेल-खुद उत्सव का समापन बड़े ही उत्साह और धूमधाम से हुआ। अंतिम दिवस पर जब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया मंच पर पहुँचे तो उनका स्वागत आतिशबाजियों, फूलमालाओं और तिलक के साथ किया गया। महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों से उनका अभिनंदन किया, और पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। खेल-खुद उत्सव में कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, गिल्ली-डंडा, भाला फेंक, गोला फेंक सहित अनेक पारंपरिक और आधुनिक खेलों का आयोजन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर जो भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है, शिक्षा और खेलकूद को केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक उत्सव के रूप में देखता है। इसी भाव के साथ यह आयोजन ग्रामीण अंचल में नई चेतना और ऊर्जा का संचार करता हुआ दिखाई दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया ने कहा जीवन में सफलता और असफलता आते-जाते रहते हैं, लेकिन यदि निरंतर प्रयास करते रहेंगे तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि हमारे बचपन में खेलकूद जीवन का हिस्सा होते थे, लेकिन आज के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी महत्व दे रहे हैं। आप सभी बच्चे ही भारत का भविष्य हैं और आपके इसी समर्पण से देश का कल उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, मंडल मंत्री जितेंद्र पांडे, ग्राम भानबेड़ा के पूर्व सरपंच जग्गा नरेटी, पूर्व मंडल महामंत्री भाग बाली जैन, राजेंद्र जैन, सरस्वती शिक्षण संस्थान के आचार्य एवं दीदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## छात्रों और नागरिकों में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास

# महाविद्यालय में रजत जयंती पर रैली और नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई के तत्वाधान में राज्य की रजत जयंती के अवसर पर एक रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य रश्मि सिंह के संरक्षण एवं दिशानिर्देश में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों और स्थानीय नागरिकों को छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को मजबूत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपनी 25 वर्षों की यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं और अब इन उपलब्धियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं की है। युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा, कौशल और दृढ़ संकल्प के साथ प्रदेश को एक नई दिशा देनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रजत जयंती समारोह का असली सार यही है कि छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राज्य के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उनका मानना था कि 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा, जब आज की युवा पीढ़ी जागरूक और जिम्मेदार बनेगी। वरिष्ठ प्राध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर रजत जयंती रैली को रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर ग्राम पंचायत कराठी के पद्दा पारा तक पहुँची। इस रैली में एनएसएस के स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के समापन के बाद विद्यार्थियों ने पद्दा के रंगमंच पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की प्रगति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं को कलात्मक रूप से दर्शाया गया। नाटक का मुख्य संदेश था कि राज्य की योजनाओं को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। एनएसएस के सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि कोई भी सरकारी योजना तभी सफल होती है, जब समाज उसके उद्देश्यों को समझकर उसमें सक्रिय रूप से भाग लेता है। यह पूरा आयोजन एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कृषक सलाहकार समिति की बैठक में चयन के विषय पर हुई चर्चा



**धनेलीकन्हार।** एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति एवं विकासखंड स्तरीय तकनीकी टीम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आत्मा योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए एचएलएससी से स्वीकृत एसइडब्ल्यूपी के विरुद्ध विकास खण्डवार घटकवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य, जिसमें कृषक प्रशिक्षण, फसल प्रदर्शन, शैक्षणिक भ्रमण, समूह गठन, किसान संगोष्ठी, कृषक खेत पाठशाला, प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति, आयोजित होने वाले कार्यशाला के लिए स्थान का चयन, कृषक चयन के विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया। पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय कृषक सलाहकार समिति की बैठक में सहायक संचालक कृषि सुधीर कुमार ददोरिया के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 फसल प्रदर्शन, जिसमें मक्का, सूरजमुखी, चना, गेंहू, सरसों, मसूर एवं संवर्गीय विभाग पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी, रेशमपालन प्रदर्शन का प्रस्ताव लिया गया। कृषक प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण, समूह गठन पर खाद्य सुरक्षा समूह निर्माण,चर्चा कर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में मयाराम नेताम, नरेंद्र कुमार राणा, नरेंद्र नेताम, राजेश जगत, बलवीर सेन, राजेश्वरी नेताम, द्वारिका साहू, हेमलाल जैन, सुमित मंडल, कैलाश नेताम, छबिलाल नाग, प्यार सिंह मंडावी, यशोदा जुर्री, अहिल्या उसेंडी, कौशल्या साहू व कृषक समूह के सदस्यगण उपस्थित रहें।

# लिलेझर में विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**चारामा।** शाउमावि लिलेझर में विगत 27 वर्षों से पदस्थ शिक्षक अमित कुमार सक्सेना एवं लखन लाल ठाकुर को प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर बाजे गाजे के साथ भावभीनी विदाई दी गई। दीप प्रज्वलन के पश्चात अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया गया एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। सभी ने अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अमित कुमार सक्सेना के कार्यकाल की तारीफ करते हुए एक सक्रिय एवं समर्पित शिक्षक बताया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार सक्सेना के कार्यकाल में बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है वह एनएसएस के कुशल कार्यक्रम अधिकारी भी रहे हैं। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के छात्राओं ने भावभीनी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को द्रवित कर दिया। अंतिम वक्त के रूप में सक्सेना ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने लंबे कार्यकाल की बातों को विस्तार पूर्वक प्रकट किया। उन्होंने लिलेझर विद्यालय एवं गांव को कभी ना भूलने की बात कही। अमित कुमार सक्सेना के द्वारा विद्यालय को स्टील का डाइज भेंट स्वरूप दिया गया एवं राजेश कोमरा के द्वारा सक्सेना एवं प्राचार्य लखन ठाकुर को उपहार देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस यूनिट लिलेझर के कार्यक्रम अधिकारी राजेश महावीर, दलनायक मोनिका तेता और टाकेश सिन्हा ने सक्सेना का यथोचित सम्मान किया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में गरिमा रावटे, बोधन लटिया, हरदेव बघमरिया, डुमेश्वर रावटे, चंद्र सिंहसार, पूजा वैष्णव, सस्मिता शर्मा, हेम कुमार देवांगन, सुष्मिता शर्मा, विजय राय, मोनिका खत्री, संगीता कोसरिय, मिनती सरकार, श्वेता डेविड, मुकेश सिन्हा, हेमंत कुरेटिया, अभिजीत सरकार, तरुणा प्रधान, कमला ध्रुव, नम्रता साहू, अवध मंडावी, टोमन लाल तारमेंद्र, सुवीर गाईन, दीपाली चकटिया आदि का सहयोग रहा।

# संतोषी एवं गायत्री मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान, एनएसएस की टीम ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जनसहयोग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समाज सेवकों ने नवरात्र के पहले दिन पुरानी कचहरी के निकट स्थित संतोषी माता एवं गायत्री माता के मंदिर तथा आसपास सफाई अभियान चलाया गया। पूर्ण स्वच्छ होने के पश्चात ब्लीचिंग पाउडर तथा चूना छिड़ककर बरसाती दुर्गंध से राहत देने का प्रयास किया। मंदिर की दीवारों तथा फर्श में जमीं काई के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया था, इसे भी प्रयासपूर्वक साफ किया गया। मंदिर सफाई का सुझाव शहर की ज्योतिषी गीता शर्मा द्वारा दिया गया था। वे स्वयं भी मातृवत उपस्थित होकर सहयोग दे रही थीं। स्वच्छता अभियान की समाप्ति पर ज्योतिषी ने कहा कि यह मंदिर 42 वर्षों से स्थापित है और यहां नवरात्रि भी मनाई जाती है। आप लोग जैसे आज साफ सफाई करने आए हैं, वैसे ही मंदिर में आते रहिएगा। जन सहयोग अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि हम लोगों का काम ही समाजसेवा है, आप जब चाहे, स्वच्छता अभियान के लिए हमें आदेश दीजिए, हम लोग पूरी मेहनत से कार्य करते हुए मंदिर परिसर को पवित्र बनाए रखेंगे।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर छ.ग.

**// शपथ-पत्र //**

**शपथकर्ताः-** योगेश कुमार साहू, पिता- लोमेश कुमार साहू उम्र 40 वर्ष, जाति- तेली, निवासी-एम.जी. वार्ड कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर छ.ग.।

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता/करती हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री एकता साहू (EKTA SAHU) पिता - योगेश कुमार साहू (YOGESH KUMAR SAHU), माता-टेश्वरी साहू (TESHWARI SAHU) का जन्म दिनांक-16.01.2011 को स्थान-एम.जी. वार्ड कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में हुआ है।
3. यह कि मेरे द्वारा जन्म पंजीयन के समय मेरी पुत्री का नाम ओजस्वी दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, जिसमें पुत्री का नाम सुधार कर एकता साहू पंजीयन कराना चाहता हूं। इसी प्रकार मेरी पत्नी का नाम गायत्री उर्फ टेश्वरी दर्ज कराकर नगर पालिका परिषद कांकेर प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, जिसमें माता का नाम गायत्री (घरेलू नाम) को विलोपित कर टेश्वरी साहू एवं पिता का नाम योगेश कुमार साहू दर्ज कराना चाहता हूं ।
4. यह कि मैं उपरोक्त जन्म प्रमाण-पत्र में दर्ज सही नाम एकता साहू (EKTA SAHU) तथा माता का नाम टेश्वरी साहू (TESHWARI SAHU) को दर्ज कराकर उक्त जन्म प्रमाण पत्र की डिजीटल कम्प्यूटीकृत प्रति प्राप्त करना चाहता हूं।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, दी गई जानकारी में किसी भी प्रकार असत्यता के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। यह कि उपरोक्त आशय का यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**:: सत्यापन ::**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक यह सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त लिखित शपथ पत्र में उल्लेखित तथ्य मेरी जानकारी व निजी ज्ञान से सही व सत्य है, जिसे आज दिनांक- 23/07/2025 को स्थान-कांकेर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया/की हूं।

**सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202507140100041/अ-21/2024-25

ग्राम- भानुप्रतापपुर,पटवारी हल्का क्रमांक 05, भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर, छ.ग.

**// आम ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जा रहा है कि आवेदक के.वी. शिवारेड्डी पिता के.वी. बुब्बारेड्डी, जाति रेड्डी निवासी सलिहापारा वार्ड क्र. 07 भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर, के द्वारा अंतर्गत धारा 165 (क) छत्तीसगढ भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपने भूमिस्वामी हक की आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तित भूमि ग्राम भानुप्रतापपुर पटवारी हल्का नम्बर 05 तहसील भानुप्रतापपुर में स्थित खसरा नम्बर 156/5 रकबा 0.022 हेक्टेयर में 03 डिसमील या 0.012 हेक्टेयर जिस पर निर्मित एक मंजिला पक्का मकान लगान 2.10 रूपये है, को स्वयं के व्यवसाय हेतु राशि की अत्यधिक आवश्यकता होने के कारण अनावेदक क्रेता रदीश राज पिता राजप्पन, जाति इरवा निवासी शंकर नगर वार्ड क्र. 03 भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 20,00,000.00 (बीस लाख) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय करने अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छ) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त संबंध में विक्रय अनुमति दिये जाने हेतु जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी तिथि 24.09.2025 को या इसके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भारतीय संस्कृति के आधारस्तम्भ महाभारत का गूढ़ विवेचन करेंगे स्वामी विश्वाधिराज भरतराज

**सुकमा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सुकमा की धरती एक दिव्य आध्यात्मिक आयोजन की गवाह बनने जा रही है। यहां सोमवार से नौ दिवसीय महाभारत ज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। यह आयोजन 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सुकमा में भव्य रूप से आयोजित होगा। महोत्सव में प्रतिष्ठित व्यासपीठ पर विराजमान होकर परमपूज्य विश्वाधिराज भरतराज महाभारत के गूढ़ तत्वों, नीति, धर्म और जीवनोपयोगी संदेशों का सरल किन्तु प्रभावशाली व्याख्यान देंगे। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतिदिन कथा का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा।प्रथम सत्र : सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और द्वितीय सत्र शाम 3 बजे से 5 बजे तक होगा। इसके बाद आधे घंटे का विशेष समय श्रोताओं के प्रश्नोत्तर के लिए निर्धारित रहेगा।




















